भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 229

(सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

माई भारत के माध्यम से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

229. **श्री दिनेशभाई मकवाणाः**
डॉ. हेमांग जोशीः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
श्री मनोज तिवारीः
श्री मनीष जायसवालः
श्री बलभद्र माझीः
श्री बंटी विवेक साहूः
श्री आलोक शर्माः
श्रीमती अपराजिता सारंगीः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री भर्तृहरि महताबः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
डॉ. मन्ना लाल रावतः
श्री महेंद्र सिंह सोलंकीः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री विजय कुमार दूबेः
श्री हरिभाई पटेलः
डॉ. बायरेड्डी शबरीः
श्री अभिमन्यु सेठीः
श्रीमती स्मिता उदय वाघः
श्री विनोद लखमशी चावड़ाः
श्री सुरेश कुमार कश्यपः
श्री विवेक ठाकुरः
श्रीमती मालविका देवीः
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः
श्री देवुसिंह चौहानः
श्री राजीव प्रताप रूडीः
श्री नव चरण माझीः

क्या कारपोरेट कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में नबरंगपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नबरंगपुर और मल्कानगिरी जिलों में कारपोरेट कार्य मंत्रालय के सहयोग से, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में युवाओं की भागीदारी को गतिशील और सुगम बनाने में माई भारत (एमवाई भारत) प्लेटफॉर्म की क्या भूमिका है;

(ख) माई भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अवसरों के लिए कितने युवाओं को गतिशील किया गया है या उन्होंने पंजीकरण कराया है तथा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, राजस्थान में भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश भर में विशेषकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा में नबरंगपुर और मल्कानगिरी जिलों, महाराष्ट्र में जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, गुजरात में कच्छ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में माई भारत द्वारा आयोजित किए गए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना आउटरीच (पहुंच) शिविरों और जमीनी सुगमता अभियानों का ब्यौरा क्या है तथा इन शिविरों में कितनी भागीदारी रही;

(घ) क्या सरकार की आंध्र प्रदेश और ओडिशा के नबरंगपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विशेषकर नबरंगपुर और मल्कानगिरी के जनजातीय जिलों तथा महाराष्ट्र के जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना आउटरीच को सुदृढ़ करने की कोई विशेष योजना है;

(ङ) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के ग्रामीण और जनजातीय युवाओं को कारपोरेट क्षेत्र में रोजगार परक बनाने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से जमीनी स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान या सुगमता शिविर या पंजीकरण अभियान आयोजित करने का है; और

(च) यह सहयोग कुशल और रोजगार परक भारत के दृष्टिकोण तथा विकसित भारत**@2047** के व्यापक लक्ष्य को किस प्रकार आगे बढ़ाता है**?**

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): माई भारत पोर्टल मंत्रालयों, विभागों, संगठनों तथा संस्थाओं को अपने कार्यक्रमों को ऑनबोर्ड करने तथा उनका संचालन करने की सुविधा प्रदान करता है। पीएमआईएस ने देशभर में पीएमआईएस के अंतर्गत पोस्ट किए गए इंटर्नशिप अवसरों में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से माई भारत के साथ सहयोग स्थापित किया है। माई भारत अपने व्यापक युवा नेटवर्क तथा डिजिटल सहभागिता मंच का उपयोग करते हुए पीएमआईएस के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करता है तथा युवाओं को सहभागी कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए इंटर्नशिप अवसरों के लिए आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करता है। यह सहयोग जमीनी स्तर पर, जागरूकता फैलाने, इंटर्नशिप शिविरों का आयोजन करने तथा इच्छुक अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप के अवसरों के लिए सहभागी कंपनियों से सीधे जोड़ने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक राष्ट्रीय स्तर की योजना के रूप में कार्यान्वित की जा रही है, जिसके अंतर्गत सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के जिलों/शहरों में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। इस संबंध में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ख): माई भारत द्वारा दिनांक 16.07.2026 तक उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, देशभर में लगभग 98,000 युवाओं को जुटाया गया है, जिनमें से 8,428 अभ्यर्थियों ने पीएमआईएस पोर्टल पर इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है। इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाले युवाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण, जिसमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश तथा राजस्थान के आंकड़े भी सम्मिलित हैं, अनुलग्नक में दिया गया है। जैसा कि ऊपर भाग (क) के उत्तर में उल्लेख किया गया है, योजना से संबंधित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग): दिनांक 16.07.2026 की स्थिति के अनुसार, माई भारत के सहयोग से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत युवाओं को सहभागी कंपनियों एवं संगठनों द्वारा उपलब्ध कराए गए इंटर्नशिप अवसरों से जोड़ने के लिए तीन जागरूकता एवं इंटर्नशिप शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से अभ्यर्थियों एवं कंपनियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ, जिससे युवाओं को उपलब्ध भूमिकाओं की जानकारी प्राप्त करने, उद्योग की अपेक्षाओं को समझने तथा आवेदन संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण करने में सहायता मिली। उक्त शिविरों में सहभागिता का विवरण निम्नानुसार है:-

क्रम सं.	**स्थान**	**सहभागी युवाओं की संख्या**
1.	चेन्नई (तमिलनाडु)	600+
2.	पुणे (महाराष्ट्र)	90
3.	दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)	800+

अब तक आंध्र प्रदेश, ओडिशा के नबरंगपुर एवं मलकानगिरी जिलों, महाराष्ट्र के जलगांव जिले, हिमाचल प्रदेश के शिमला तथा गुजरात के कच्छ जिले में पीएमआईएस के अंतर्गत आउटरीच शिविर आयोजित नहीं किए गए हैं।

(घ): एमसीए ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र तथा ओडिशा की राज्य सरकारों के साथ सक्रिय सहयोग स्थापित करते हुए सूचना, शिक्षा एवं संचार संबंधी गतिविधियां संचालित की हैं, जिनमें कार्यशालाएं, संगोष्ठियां तथा ऑनलाइन एवं जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान सम्मिलित हैं, ताकि कार्यक्रम की दृश्यता बढ़ाई जा सके तथा राज्यों के विभिन्न जिलों में लक्षित समूहों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग से आईटीआई, महाविद्यालयों आदि जैसे शैक्षणिक संस्थानों में भी जागरूकता अभियान आयोजित किए गए।

(ङ): अभी तक मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में इस प्रकार के शिविर के आयोजन की योजना नहीं बनाई गई है।

(च): पीएमआईएस तथा माई भारत के मध्य सहयोग का उद्देश्य युवाओं के बीच इंटर्नशिप अवसरों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें सहभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करने में सुविधा प्रदान करना तथा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने में सहायता उपलब्ध कराना है। तदनुसार, इस सहयोग से अधिकाधिक युवाओं के पीएमआईएस के अंतर्गत उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों के लिए आवेदन करने तथा उनमें सहभागिता करने में सहायता मिलने की अपेक्षा है। यह पहल युवाओं की रोजगार-क्षमता में वृद्धि करने तथा संरचित इंटर्नशिप अवसरों के माध्यम से उन्हें उद्योगगत अनुभव तक व्यापक पहुंच उपलब्ध कराकर विकसित भारत**@2047** के दृष्टिकोण को साकार करने में भी योगदान देने की अपेक्षा रखती है।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 20.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 229 के भाग (ख) का अनुलग्नक

माई भारत प्लेटफॉर्म के ज़रिए पीएमएआईएस इंटर्नशिप के अवसरों के लिए आवेदन किए युवाओं का विवरण

क्र.सं.	**राज्यों**	**आवेदन किए युवाओं की संख्या**
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	-
2	आंध्र प्रदेश	911
3	अरुणाचल प्रदेश	3
4	असम	469
5	बिहार	568
6	चंडीगढ़	23
7	छत्तीसगढ	295
8	दिल्ली	354
9	गोवा	8
10	गुजरात	185
11	हरियाणा	207
12	हिमाचल प्रदेश	15
13	जम्मू और कश्मीर	93
14	झारखंड	208
15	कर्नाटक	279
16	केरल	85
17	लद्दाख	1
18	लक्षद्वीप	-
19	मध्य प्रदेश	478
20	महाराष्ट्र	741
21	मणिपुर	0
22	मेघालय	15
23	मिजोरम	6
24	नगालैंड	2
25	ओडिशा	264
26	पुदुचेरी	10
27	पंजाब	117
28	राजस्थान	311
29	सिक्किम	3
30	तमिलनाडु	577
31	तेलंगाना	410
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	9
33	त्रिपुरा	52
34	उत्तर प्रदेश	937
35	उत्तराखंड	76
36	पश्चिम बंगाल	555
37	**युवाओं द्वारा उल्लेख नहीं किए गए राज्य**	**161**
	कुल योग	**8428**